Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a rake point at Malihabad railway station in Uttar Pradesh.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख): मलीहाबाद दशहरी आम सहित आम की विभिन्न प्रजातियों के लिए देश और विदेश में प्रसिद्ध है और आम की बागवानी और निर्यात लखनऊ-हरदोई के आस पास के क्षेत्र में लाखों लोगों की जीविका का साधन है। आम एक जल्दी खराब होने वाला खाद्य पदार्थ है और यदि आमों की सही प्रकार से पैकिंग और पैकेजिंग करके त्वरित समय से गंतव्य बाजारों में न पहुंचाया जाये तो यह खराब हो सकता है और आम बागान मालिकों के लिए मुश्किल हो जाती है। अंतर्राष्ट्रीय निर्यात के लिए आमों की खेप को शीघ्रतम दिल्ली पहुंचना अनिवार्य होता है। इसके कारण मलीहाबाद रेलवे स्टेशन पर रेलवे के रेक प्वाइंट्स की आम की लोडिंग के लिए जरूरत है। मलीहाबाद रेलवे स्टेशन उत्तर रेलवे के लखनऊ-दिल्ली रेलमार्ग पर स्थित है और आम के बागानों से चारों ओर से घिरा हुआ है।

अत: सरकार से अनुरोध है कि जनहित में उत्तर रेलवे जोन के अंतर्गत मलीहाबाद रेलवे स्टेशन पर रेक प्वाइंट का निर्माण कराया जाए, जिससे आम के निर्यातकों की कठिनाई दूर हो ओर देश-विदेश में रहने वाले लोगों तक दशहरी आम की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इससे राजस्व की भी वृद्धि होगी। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।